हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 9 जून 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

11 आरक्षण की मांग पर ओबीसी महासभा ने...



12 राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से अजय समेत राज्य के 155...





## खबर संक्षेप

### समय पर खाना नहीं बनाने पर पत्नी की पिटाई, मामला दर्ज

**बालोद।** पत्नी द्वारा समय मे खाना न बनाने से नाराज पति ने पत्नी की पिटाई कर दी, जिसके बाद पति के पिटाई से नाराज पत्नी थाना पहुंचकर मारपीट करने वाले अपने पति खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रेंगाडबरी मे 30 मिनट मे खाना नही बनाने पर पति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्शिय महिला ने जानकारी दी कि पति ने शाम को खाना बनाने के लिए दबाव बनाया। जब पति को बोली की 30 मिनट मे खाना नही बन पाएगा, तो उन्होने गाली गलौज कर धक्का दिया। जिससे दीवार से टकरा गई। जिसके बाद पती ने कैची से मारपीट की। जिससे आंख के नीचे सिर, हाथ, पीठ मे चोट लगी है। महिला की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ मंगचुवा थाने मे धारा 118(1), 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### 90 पौवा शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** ग्राम करहीभदर मार्ग पर अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे दो लोगो को पकड़ने मे पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। जहां आरोपीयो द्वारा 90 पौवा देशी प्लेन को बोरी मे भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। बालोद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करहीभदर के पास कच्चे मार्ग पर ग्राम पुरूर निवासी घन"याम 45 वर्श व दानीटोला निवासी जीवंतपुरी गोस्वामी बाईक के माध्यम से एक बोरी मे करीब 90 पौवा देशी प्लेन लेकर अवैध परिवहन कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपियो को पकड़ने मे सफलता प्राप्त की।

### एप की मदद से चोरी की स्कूटी बरामद की

**बालोद।** पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने सशक्त एप की मदद से चोरी की स्कूटी बरामद की है। जिसके बाद पुलिस ने स्कूटी मालिक को सूचित कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली की एक स्कूटी लावारिस हालत मे पड़ी है, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कूटी की जांच की। चेचिस नंबर और इंजन नंबर को सशक्त ऐप मे चेक किया गया। जांच मे पता चला कि यह वाहन डौण्डी मे दर्ज अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत चोरी किया गया था। वाहन को जप्त कर थाना बालोद मे सुरक्षित रखा गया है।

### निकुम गौठान के मैदान में 11 को कबड्डी स्पर्धा

**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम के जय बजरंग दल समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 11 जून बुधवार को बस स्टैंड निकुम गौठान के मैदान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता रखा गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए, द्वितीय 3001 रुपए, तृतीय 2001 रूपये व चतुर्थ 1001 रुपए रखा गया है। वही आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा, यह जानकारी समिति प्रमुख रिकेश साहू ने दिया।

### छात्र खिलाड़ी चयन स्पर्धा 17 एवं 18 को

**डौंडी।** शासकीय बालक खेल परिसर डौंडी में अनुसूचित जनजाति के रिक्त 35 खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाएगा आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया की चयन 10 बिंदुओं पर शारीरिक परीक्षण द्वारा डौंडी में किया जाएगा उन्होंने बताया कि चयन के लिए कार्यक्रम पूर्व माध्यमिक कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं 17 जून 25 को सुबह 8:00 से तथा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी कक्षा नवमी से कक्षा 11वीं 18 जून 2025 को सुबह 8:00 बजे से निर्धारित किया गया है।

# नेवारीकला में नेटवर्क सेवा ठप, 3 साल बाद किया टावर चालू पर नहीं हो पाती बातचीत

## समाधान शिविर में मामला उठाया पर नतीजा अभी तक कुछ भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम नेवारीकला मे मोबाईल नेटवर्क की समस्या को समाधान शिविर मे उठाने के बाद भी ग्रामीणो की समस्या का समाधान नही हो रहा है, जिसके कारण ग्रामीणो का आक्रोश बढ़ते जा रहा है और ग्रामीण ग्राम मे लगे उक्त कंपनी के टावर को ग्राम से हटाने की मांग करते दिख रहे है। ग्राम नेवारीकला आस पास के ग्राम से बड़ी जनसंख्या वाला ग्राम होने के कारण एक कंपनी द्वारा ग्राम मे 4 साल पहले टावर लगाया गया था, जिसमे 3 साल तो टावर काम ही नही किया, वही पिछले एक वर्श से जब से टावर चालू किया गया है तब से टावर ठीक से नेटवर्क ही नही देता और मोबाईल के माध्यम से बातचित करने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम नेवारीकला निवासी नोहर सेन, कैलाश, रामेंद्र, लोकेश साहू ने बताया कि मोबाईल मे सही नेटवर्क नही आने के कारण दैनिक दिनचर्या मे बात चित करने के साथ बाहर रह रहे परिवार के लोगो के साथ संपर्क साधने व जरूरी बाते करने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। वही हमने इससे पहले शासन द्वारा चलाए जा रहे समाधान शिविर मे इस मुद्दे को गंभीरता पूर्वक उठाया था लेकिन वहां सिर्फ आ"वासन मिला और वर्तमान मे इसके लिए कोई काम नही किया गया। जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है। वही ग्रामीणो ने बताया कि सही नेटवर्क नही होने के कारण राशन दुकान मे घंटो लाईन लगकर राशन लेना पड़ रहा है, जिसके कारण हमारे अन्य काम भी बाधित हो रहे है कई बार तो राशन लेने के लिए एक से दो दिनो का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे राशन दुकान मे भी लाईन लगना पड़ रहा है। ग्रामीणो का कहना है कि गांव मे लगे टावर को सही तरीके से जल्द बनाया जाए नही तो इस टावर को कंपनी उखाड़ कर ले जाए, नही तो हम उखाड़ कर उन्हे थमा देंगे। ग्रामीणो ने कहा है कि अगर जल्द इस पर कार्यवाही नही की गई तो आगे उचित कदम उनके द्वारा उठाया जाएगा।



### आपातकालीन सुविधा से वंचित

ग्रामीण हेमराज सोनकर, नेम सोनकर, भगत साहू, जोहन साहू संतोश, हेमधर यादव, कैलाश गुप्ता ने कहा कि ग्राम के नदी मे पानी आ जाने के बाद ग्राम का जिला मुख्यालय से दूरी बढ़ जाती है, जिसके कारण आपातकाल मे मोबाईल ही एक सहारा रहता है, जिसके माध्यम से लोगो से संपर्क कर आपातकालीन सुविधा का जल्द लाभ लिया जाए, लेकिन ग्राम मे नेटवर्क की समस्या के कारण आपातकालीन सुविधाएं भी मिलने मे देरी हो रही है, जिसके कारण कई व्यक्तियो का सही समय मे ईलाज न मिलने के कारण विपरीत परिस्थितियो का सामना करना पड़ जाता है। ग्रामीण रामेश्वर, ज्योतिष, भोला सोनकर, उत्तम शर्मा, घना राम साहू, नेता राम साहू, प्रवीण साहू, काशी साहू, टेक साहू ने कहा कि वर्तमान आधुनिक समय मे बिना इंटरनेट नेटवर्क के कोई भी काम असंभव है, ऐसे मे ग्राम मे नेटवर्क की सबसे ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ता है ऐसे मे बिना नेटवर्क के न तो ऑनलाईन पेमेंट हो पा रहा है और न ही ऑनलाई फार्म भरने के साथ ऑनलाईन संबंधी कोई भी काम नही हो पा रहे है, जिसके कारण हमे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वही बच्चो को ऑनलाईन पढ़ाई करने मे भी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बच्चो का भविष्य खतरे मे है।

## लापरवाही : चैंबर तोड़ने के व्यापारियों ने किया था विरोध पर विभाग ने की मनमानी

# एनएच की एजेंसी ने नाली का चैंबर तोड़ा दूषित गैस से बिगड़ रही लोगों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 निर्माण ठेकेदार की मनमानी एवं विभाग की लापरवाही से नगर के निवासियो का जीवन कष्टो से भर गया है। विभाग ने एक साल पूर्व बनाई अपनी ही नाली के स्लैब को एक माह पूर्व यह कहते हुए तोड़ दिया कि फिर से चैम्बर बनाना है। अब नाली से निकलने वाले गैस से दुकानदारो का स्वास्थ खराब हो रहा है। अपनी नाली के स्लैब को तोड़कर विभाग के लोग अब पलटकर भी नही आ रहे है। जिससे नाली के सामने स्थित दुकानदारो की परेशानी बढ़ गई है। ग्राहक तो दूर स्वयं दुकानदार को अपनी दुकान मे जाने के लिए जुगाड़ लगाना पड़ रहा है। वही नाली से उठने वाली बदबू लोगो को बीमार कर रही है।

नेशनल हाईवे 930 निर्माण एजेंसी द्वारा नाली मे पूर्व मे स्थाई स्लैब ढाला गया था। जससे नाली की सफाई नही हो पा रही थी। विभाग ने एक माह पूर्व नाली के उपर स्लैब को जगह जगह से तोड़ दिया है। उस दौरान विभाग के लोगो ने दुकानदारो को बताया कि जहां स्लैब तोड़ा गया है वहां ढक्कन डाला जाएगा। जिससे नाली की सफाई हो सके।

दुकानदारो का आरोप है कि जब से नाली का स्लैब तोड़ा गया है तब से नाली से निकलने वाली बदबू ने लोगो का जीवन दुभर कर दिया है। बीते एक माह मे दो दुकानदार बीमार पड़ गए एवं एक तो अपनी दुकान भी ठीक से नही खोल पा रहा है। आरोप है कि नाली से निकलने वाली तेज गंध से लोग बीमार पड़ रहे है। दुकानदारो ने बताया कि नाली से निकलने वाली जहरीली बदबूदार गैस से आंख मे जलन एवं आंखो से आंसु आने की समस्या होने लगी है। स्लैब के जगह जगह तोड़ दिये जाने के कारण दुकानदारो को कार्य के दौरान लगातार नाली मे गिरने का खतरा बना रहता है। दुकानदारो ने बताया कि नाली के स्लैब को तोड़ने के बाद से तेज बदबू के कारण उनका व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है ग्राहकी घटकर चौथाई रह गई है।

**खास बातें**

- स्लैब तोड़ा गया है पर ढक्कन नहीं लगाया, दुर्गंध ने किया बेहाल
- कई लोगों का कारोबार रहा प्रभावित फिर भी चैंबर को ढकने की पहल नहीं



### विभाग ने बात नहीं मानी

दुकानदारो ने यह भी आरोप लगाया है कि एक साल पूर्व जब नाली का निर्माण किया जा रहा था उसी दौरान क्षेत्र की पानी निकासी की स्थिति से विभाग को अवगत कराते हुए नाली का निर्माण क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार करने की सलाह दी गई थी, लेकिन विभाग ने नही सुना एवं मनमाने तरीके से नाली का निर्माण करा दिया गया। अब पानी निकासी की समस्या को देखते हुए नाली मे सुधार किया जा रहा है। दुकानदारो ने मांग की है कि नाली के उपर तोड़ गए स्लैब को जल्द ढका जाए।

# श्रमिक के सिर पर बिजली का पोल गिरने से मौत, ठेकेदार नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम डांडेसरा मे बिजली विभाग के अंतर्गत बिजली पोल लगाने का कार्य कर रहे एक मजदूर के ऊपर बिजली पोल लगाते समय पोल टूटकर उसके सिर पर लग गई जिसके बाद उक्त मजदूर को आनन फानन मे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका ईलाज के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी संबंधित ठेकेदार घटना स्थल पर नही पहुंचा। ईलाज के दौरान अस्पताल मे भी नही पहुंचा और न ही शव परीक्षण के उपरांत पहुंचा। जिसे पीड़ित परिवार काफी आक्रोशित रहे। एवं बार बार ठेकेदार को बुलाने की बात करते रहे लेकिन प्रशासन ठेकेदार को बुलाने के स्थान पर पीड़ित परिवार पर मृतक के शव को ले जाने का दबाव बनाते रहे जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मटिया बालोद निवासी युगल किशोर गोटी 29 वर्ष बिजली विभाग के अंतर्गत ठेकेदार के माध्यम से बिजली पोल लगाने का काम कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान बिजली पोल नीचे से टूटकर उसके उपर गिर गया, जिसके कारण उसे गंभीर चोट लगी, जिसके बाद उसके साथियो द्वारा उसे अस्पताल पहुंचाया ▸▸|शेष पेज 11 पर

## 2-3 दिन पुरानी सड़ी गली लाश फंदे पर लटकी मिली

डौंडीलोहारा। वनांचल के ग्राम खैरकट्टा के एक घर में शनिवार को देर शाम लगभग सात बजे लगभग दो से तीन दिन पुराना एक व्यक्ति का शव घर के छत से लगे लोहे के हुंक में नायलॉन की रस्सी से लटकता हुआ पाया गया।शव में कीड़े पड़ गए थे व उससे काफी बदबू भी आ रही थी।घर से दुर्गंध आने की स्थिति में ग्राम सरपंच के द्वारा मंगचुआ पुलिस थाने में सूचना दी गई।पुलिस द्वारा घर को खोलकर देखने से व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटकता पाया गया।पुलिस द्वारा पंचनामा आदि की कार्यवाही के बाद शव को पी एम के लिए भेज गया है।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक संदीप कचलाम 33 वर्ष ग्राम चारभाठा (बह्मनी) थाना छुरिया जिला राजनांदगांव का निवासी है जो कि काफ़ी दिनों से ग्राम की एक महिला के साथ उसी के घर पर रहता था व वाहन आदि चलाकर जीविकोपार्जन करता था।घटना के समय महिला भी अपने मायके गई हुई थी।आखिरी बार उसे गुरुवार को देखा गया था।पुलिस द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवतः गुरुवार व शनिवार के मध्य किसी समय मे उसने फांसी पर झुलकर आत्महत्या कर ली होगी।अभी आत्महत्या का कारण अज्ञात है।मंगचुआ थाना प्रभारी बीजू डेनियल ने बताया कि खैरकट्टा के सरपंच अमरसिंह खरे की रिपोर्ट पर मर्ग कायम किया गया है।

# बुजुर्ग कलाकार दयालु राम को सम्मान व सहयोग देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

करीब 32 वर्श तक कला के क्षेत्र छत्तीसगढ़ी नाचा, गम्मत व कविता लेखन मे अपनी सेवा देने वाले ग्राम चौरेल निवासी दयालू राम निशाद आज बदहाली की जिंदगी जी रहे है, कभी वे जिले के सीताराम साहू, डोमार सिंह कुंवर जैसे कलाकारो के साथ काम कर चुके हैं। दयालू राम निशाद ने बढ़ती उम्र व शारीरिक अक्षमता की स्थिति मे शासन से पदक के माध्यम से सम्मान व सहयोग की मांग की है।



ग्राम चौरेल निवासी दयालू राम निशाद बताते है कि वे कक्षा 9वीं मे अध्ययन कर रहे थे तब 1982 से 14 वर्श की उम्र से कला के क्षेत्र मे छत्तीसगढ़ नाचा व गम्मत तथा पुस्तक लेखन के माध्यम से कला के क्षेत्र मे अपनी सेवा दे रहे थे, लेकिन कुछ सालो से उनके स्वास्थ खराब होने तथा शारीरिक अक्षमता के कारण उन्हे कई दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मे उनका कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा जिले के ही कई ऐसे कलाकार है जिन्हे पदक के माध्यम से शासन प्रशासन ने सम्मान के साथ सहायता प्रदान की है जिससे उनका सम्मान के साथ मदद् हुआ है इसी प्रकार उन्होने शासन प्रशासन से मांग की है कि उन्हे भी पदक के माध्यम से सम्मान व सहायता प्रदान की जाए ताकि इस शारीरिक अक्षमता व अस्वस्थता के दौरान मे उनकी सहायता हो सके। ग्राम चौरेल निवासी दयालू राम निशाद ने बताया ▸▸|शेष पेज 11 पर

### चारवाही निवासी 1 बुजुर्ग कोरोना पाजिटिव, रायपुर में उपचार जारी

**बालोद।** जिले मे दो साल बाद एक बार फिर कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिसमे ग्राम चारवाही निवासी एक 78 वर्शीय बुजुर्ग की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। फिलहाल मरीज का ईलाज राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल मे चल रहा है। जहां मरीज डॉक्टरो की टीम की निगरानी मे है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग को कुछ दिन पहले सांस लेने मे दिक्कत और हल्के बुखार की शिकायत हुई थी, परिजनो ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे रायपुर के अस्पताल मे भर्ती कराया, जहां आरटी, पीसीआर जांच मे उनकी रिपोर्ट पॉजिटीव पाई गई। फिलहाल मरीज की हालात स्थिर बताई जा रही है। बता दे कि तीन दिन पहले जिले के सभी 233 स्वास्थ केन्द्रो मे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। स्वास्थ अमले ने दावा किया था कि कोरोना जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है जिला अस्पताल बालोद मे 20 बिस्तरो का एक आईसोलेशन वार्ड भी तैयार किया गया है। स्वास्थ विभाग के अधिकारियो का कहना है कि आईसोलेशन वार्ड को एक्टिव कर दिया गया है और प्राथमिकता के आधार पर संदिग्य मरीजो की निगरानी की जा रही है। आरटी–पीसीआर जांच सुविधा के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है और जल्द व्यवस्था होने की उम्मीद है।

# स्वच्छाग्रही दीदियों ने चौपाल लगाकर गांव-गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दे रहीं समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

विकासखंड में कार्य योजना तैयार कर ग्राम पंचायत में बने स्वच्छाग्रही समूह की दल अब गांवों में चौपाल लगाकर चरणबद्ध तरीके से ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान कर गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। हम प्रतिदिन भोजन करते हैं तो स्वाभाविक है प्रतिदिन शौच भी करते हैं। प्रतिदिन दैनिक उपयोग की सामानों का उपयोग करते हैं। उससे अनुपयोगी कचरा भी निकलता है। बस उस कचरा का प्रतिदिन निपटान कैसे करें? इस विषय पर अब गांवों में लगातार स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां चौपाल लगाकर पर्यावरण संरक्षण में महती भूमिका निभा रही है।

- सिंगल यूज प्लास्टिक पालीथिन के बहिष्कार करने के प्रति किया जागरूक





**रेंगनी में लगा स्वच्छता चौपाल –** मानसून कुछ ही दिनों में क्षेत्र में सक्रिय होने वाला है। जिसके पूर्व स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां सक्रिय होकर ग्रामीणों को जागरूक करने में लगी हुई ▸▸|शेष पेज 11 पर

## मिलावटी खाद्य सामग्री के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने से कारोबारियों के हौसले बुलंद

# बिना लाइसेंस गुटखा-गुड़ाखू, आटा-बेसन के जारी कारोबार पर कार्रवाई नहीं, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

मिलावटी खाद्य सामग्री का खुलेआम धड़ल्ले से व्यापार लोगों के सेहत पर असर पड़ा रहा, असर, मिलावटी खाद्य सामग्री के खिलाफ में कोई कार्रवाई नहीं, जिसके कारण अवैध कार्य करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हो चले हैं, शहर के अंदरूनी इलाकों में धड़ल्ले से चल रहे बिना लाइसेंस के गुटखा, गुड़ाखू और आटा-बेसन के अवैध कारखानों ने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। बिना किसी अनुमति और गुणवत्ता परीक्षण के संचालित हो रहे इन इकाइयों से न केवल जनस्वास्थ्य को खतरा है, बल्कि शासन को भी राजस्व की भारी क्षति हो रही है। आश्चर्य की ▸▸|शेष पेज 11 पर



### स्थानीय लोग दहशत में, जिम्मेदार प्रशासन बेखबर

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बाद भी न कार्रवाई होती है, न जांच। इन कारखानों के मालिकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वो दिन-दहाड़े ट्रकों से माल सप्लाई कर रहे हैं। गुटखा-गुड़ाखू जैसे प्रतिबंधित उत्पाद भी खुलेआम बेचे जा रहे हैं।

### नागरिकों की मांग

तत्काल छापामारी कर सभी अवैध कारखानों को सील किया जाए। दोषियों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई हो। संबंधित विभागों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कर जवाबदेही तय हो।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर का स्पष्ट कहना है की लगातार छापामार वाही कार्रवाई की जा रही है जहां-जहां शिकायते मिल रही है वहां वह टीम जा रही है आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# मौसम के बदलते तेवर ने जनता को किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र में नौतपा के दौरान मौसम का मिजाज पूरी तरह से बिगड़ चुका है। एक ओर जहां आसमान से राहत की बूंदें बरस रही हैं, वहीं दूसरी ओर दिन का तापमान आग उगल रहा है। तेज़ धूप और उमस के बीच लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है।

सुबह कड़कती धूप और लू के थपेड़ों के साथ शुरू होता है दिन, लेकिन शाम होते-होते बादलों की गड़गड़ाहट के साथ अचानक मौसम बदल जाता है और कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह मौसमीय असंतुलन जलवायु परिवर्तन का संकेत है। मानसून की दस्तक से पहले ही गर्म हवाओं और बदलते तापमान ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दुकानदारों, राहगीरों और दफ्तर जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सुबह घर से निकलते हैं तो लू से हालत खराब होती है और शाम को लौटते समय भीगना तय है। ना सही से गर्मी का हिसाब है ना बारिश का।मौसम विभाग का अनुमान है ▸▸|शेष पेज 11 पर



- हर दिन मौसम में लगातार देखा जा रहा है बदलाव

## खबर संक्षेप



### सेल का डिफेंस कॉन्क्लेव स्वदेशी और आयात प्रतिस्थापन पर हुआ मंथन

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा दुर्गापुर के अपने अलॉय स्टील्स प्लांट (एएसपी) में सेल-डिफेंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया। सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता, स्वदेशीकरण और आयात प्रतिस्थापन के विषयों पर केंद्रित था। ऑर्डिनेंस फ़ैक्टरिज समेत प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कॉन्क्लेव क विचार-विमर्श में भाग लिया। सेल के निदेशक वीएस चक्रवर्ती और राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक व दुर्गापुर और बर्नपुर स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा शामिल थे। सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा में, मैटेरियल स्पेसिफिकेशन में बेहतर तालमेल, स्वदेशी प्रौद्योगिकी अपनाने और महत्वपूर्ण रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सेल की भूमिका के विस्तार की संभावनाओं पर बातचीत हुई।

### बीआरएम ने रचा उत्पादन कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) की टीम ने 5 जून मे 12 मिमी टीएमटी बार में 3381 टन (1642 बिलेट्स) का उत्पादन कर एक नया 'दिवस कीर्तिमान' स्थापित किया। इससे पूर्व यह कीर्तिमान 26 सितंबर 2024 को 3368 टन (1635 बिलेट्स) का था। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने उपलब्धी पर कहा कि बीआरएम की निरंतर सफलता में प्रत्येक कर्मचारी का योगदान महत्वपूर्ण है। सीजीएम योगेश शास्त्री ने पूरी मिल बिरादरी को बधाई दी। कार्यक्रम मे महाप्रबंधक एसएन त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत मोहंती, शिखर तिवारी तथा उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखंडे आदि उपस्थित थे।

### कोक ओवन विभाग में सुरक्षा सजगता पुरस्कार कार्यक्रम में कार्मिक पुरस्कृत

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) में 6 जून को ठेका श्रमिकों के लिए सुरक्षा सजगता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा के मुख्य आतिथ्य में मुख्य महाप्रबंधक सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभाग के ठेका कर्मियों को सुरक्षा सर्वोत्तम सुरक्षा अनमोल एवं सुरक्षा दक्ष श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे जे तुलसीदासन, महाप्रबंधक प्रभारी एस रॉयचौधरी, महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, विभागीय अनुभाग अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं एचआर अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम मेंमेसर्स नवीन कुमार, मेसर्स धीरज ट्रेडर्स, मेसर्स एचएससीएल, मेसर्स रोजी एंटरप्राइजेज एवं मेसर्स एम पी कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों को "सुरक्षा सर्वोत्तम" पुरस्कार, मेसर्स जे बी ट्रेडर्स, मेसर्स नवीन कुमार, मेसर्स एम मोहन एवं मेसर्स सरकार एंटरप्राइजेज के कर्मचारियों को सुरक्षा अनमोल तथा विभिन्न ठेकेदारों के 33 कर्मचारियों को सुरक्षा दक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत असोगा के पंचवन सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा का मामला

# शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय ज़मीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने में पाटन के अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं जिसके चलते संबंधित विभाग से तारीख पे तारीख देकर समय को टाला जा रहा है। अधिकारियों के सामने पंचायत की प्रस्ताव बौना साबित हो रहा हैं। वहीं अतिक्रमणकारियों का हौसला बुलंद होती जा रही हैं।

यह मामला हैं ग्राम पंचायत असोगा की है जहां ग्राम पंचायत असोगा के पंचवन सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ ग्राम पंचायत ने अवैध कब्जा हटाने पंचायत में प्रस्ताव किया था। साथ ही कब्जा हटाने के लिए समाधान शिविर में भी कब्जा हटाने आवेदन दिया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग के बाद तहसीलदार पाटन द्वारा 28 मई को कब्जा हटाने का समय निर्धारित किया गया था लेकिन उक्त तिथि को समाधान शिविर में व्यस्तता होने का हवाला देकर कब्जा नहीं हटाया गया। उसके बाद 3 जून की तिथि निर्धारित हुआ लेकिन पर्याप्त बल नहीं होने की हवाला देकर अवैध कब्जा हटाने की बात कहते हुए कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। लगातार दूसरी बार कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं किए जाने से पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व विभाग की टालमटोल करने की रवैये से नाराजगी जाहिर किए हैं। सरपंच जानकी चोपड़िया ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा लगातार दूसरी बार कब्जा हटाने टालमटोल कर दिया गया है। अब पंचायत प्रतिनिधि कलेक्टर से मिलकर कब्जा हटाने की मांग करेंगे। कार्रवाई नहीं होने से गांव में अधिकारियों के प्रति आक्रोश पैदा हो रही है। वहीं पंचायत पदाधिकारियों ने पाटन एसडीओपी को आवेदन सौंपकर बल प्रदान करने की मांग किये। साथ ही जल्द अतिक्रमण हटाने में सहयोग के लिए मांग किये। जिसके बाद पाटन एसडीएम से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन आचार संहिता के दर्मियान ग्राम असोगा में जिस-जिस जगह पर अतिक्रमण मकान निर्माण, अहाता निर्माण, शौचालय निर्माण अतिक्रमणकारियों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। उक्त स्थल से अतिक्रमण विधिवत हटाने की कार्यवाही करने का की मांग की है जिससे कि आम जनता को परेशानी न हो।

**कब्जा हटाने पंचायत पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



## अंचल की खबरें

### सत्या खो-खो क्लब के चार खिलाड़ी चयनित




**उतई।** सत्या खो-खो क्लब ग्राम पुरई के चार सब जूनियर खिलाड़ी राज यादव, मयंक पटेल, गुलशन नवरंगे और चांदनी यादव का चयन दुर्ग जिले के टीम के लिए चयनित हुए हैं। ये चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो संघ के द्वारा आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता 2025 का आयोजन में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 6 जून से 8 जून तक ग्राम लैलूंगा जिला रायगढ़ में आयोजित है। इन सभी खिलाड़ियों को सत्या खो-खो क्लब के अध्यक्ष गुलाब साहू, उपाध्यक्ष शिव कुमार साहू, सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच शीतला ठाकुर, मुख्य प्रशिक्षक भुनेश्वर साहू, थालेश्वर साहू, मोरजध्वज पटेल, गजेन्द्र कुमार साहू आदि ने इन खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दिए हैं।

### डुन्डेरा में आंगनबाड़ी का हुआ उद्घाटन



**उतई।** ग्राम डुन्डेरा में पार्षद द्वय विक्रम चंद्राकर एवं रोहित धनकर के आतिथ्य में दो नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का उद्घाटन हुआ। ये आंगनबाड़ी केन्द्र रिसाली नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुन्डेरा वार्ड 35 एवं वार्ड 36 में प्रारंभ किए गए हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शिल्पा श्रीवास्तव, रोमशंकर यादव, इंद्रजीत सोनवानी, दुर्गेश साहू, पवन बंजारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुलसी साहू, हेमलता साहू, बीना यादव, सुनीता देवांगन, अन्नपूर्णा सोनवानी एवं सहायिका दिलेश्वरी साहू, ग्रामीण ओंकेश्वर साहू, रोशन साहू, उत्तरा साहू, कांति विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**सेलूद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहर वर्मा परिवार द्वारा भुतर्रा तालाब पार में बगरद व पीपल के पौधे का रोपण किया गया । जवाहर वर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएं। हमें मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है। यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें इन पौधों के संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। ये न केवल शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि जल, भूमि और जैव विविधता की रक्षा भी करते हैं। ग्रामीण वासियों से अपील की कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम आज पौधे नहीं लगाएंगे, तो भविष्य में हमें मरुस्थलीकरण जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पर्यावरण की रक्षा के लिए यह जरूरी है कि हर व्यक्ति अपने घर के आसपास पौधे लगाए । इस अवसर पर जवाहर वर्मा, दऊवाराम वर्मा, सरपंच खिलेश मारकंडे, जयश्री वर्मा, दानेश्वर वर्मा, रवि पटेल, कुशल देव मारकंडे, केशव यादव, प्रज्ञा वर्मा सहित परिवार के लोग शामिल थे ।

## कुपोषण मुक्ति की चयनित ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर रहे गृहभेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास जिला दुर्ग कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर है। विभाग द्वारा कुपोषण को कम करने के लिए समुदाय में पोषण संबंधी जागरुकता आए इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें सभी कुपोषण मुक्ति के चयनित ग्राम पंचायतों में सतत गृहभेट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। अजय कुमार साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने बताया कि कुपोषण मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान से लोगों में जागरुकता आ रही है। कई स्थानों पर चिप्स, कुरकुरे और अन्य प्रकार के पैकेट वाले खाद्य पदार्थ कुपोषित बच्चों के सेहत को खराब कर रहे हैं। यह जानकारी परिवारों को होने पर अब धीरे-धीरे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। ऐसी ही कहानी परियोजना दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर रसमड़ा के ग्राम गनियारी के आंगनबाड़ी केंद्र 1 की कुपोषित बालिका कृषा ठाकुर उम्र 2 वर्ष 6 माह की है जो कि मध्यम कुपोषित में थीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जब गृहभेट में गई तो उसने देखा कि बालिका को बाहरी पैकेट वाले फूड खाने की आदत थी इस कारण से उसका वजन नहीं बढ़ रहा था और उसे सामान्य में आने के लिए 800 ग्राम की कमी थी। फिर कार्यकर्ता मिथिलेश देवदास नियमित गृहभेंट करके खान-पान संबंधी सलाह दी और सबसे पहले बाहर के पैकेट वाले चिप्स और अन्य खाद्य पदार्थों को न खिलाने की समझाइश दी।गृहभेट के दौरान शशि रैदास पर्यवेक्षक द्वारा घर के बने हुए भोजन, रेडी टू ईट का नियमित उपयोग , अंकुरित अनाज, चना, गुड़ मूंगफली और मौसमी फल को शामिल कराया गया ।महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिए गए डाइट चार्ट को पढ़ाकर समझाया और घर वालों को इसका नियमित पालन करने के लिए कहा गया।



■ सतत देखभाल से सुपोषित हुई कृषा

### तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव की दी जानकारी



**सेलूद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के निर्देश तथा खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर आरएचओ बसंत कुमार साहू ने ग्रामीणों को तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि के सेवन से मनुष्य एवं समाज को होने वाले नुकसान व दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों में बहुत ही खतरनाक रासायनिक पदार्थ पाये जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बसंत साहू, मधु साहू, सीएचओ लाभेश्वरी यदु, मितानिन प्रेरक सुमन वर्मा, मितानिन हेमपुष्पा साहू, पंचबाई यादव, देवला ठाकुर, ममता यदु, रामदुलारी साहू, हिरमोतीन साहू आदि के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## चावल उत्सव में मिला तीन माह का एकमुश्त चावल



**निकुम।** ग्राम निकुम में प्रदेश सरकार के आदेशानुसार चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें हितग्राहियों को तीन माह का चांवल एकमुश्त दी गई। बता दें कि 1 जून से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा जा रहा है। इस दौरान पात्र राशनकार्ड धारियों लगभग 1100 परिवारों को जून, जुलाई, अगस्त 2025 की राशन साम्रगी एकमुश्त वितरित की जा रही है। इस दौरान ग्राम सरपंच निकुम भागवत पटेल ने कहा कि शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी परिवारों को मिले, मोदी सरकार की गांरटी का लाभ सभी को मिले, वहीं संचालक को कहा कि समस्त राशन कार्डधारियों को समय पर तय मात्र में राशन मिले। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, सेवा सहकारी समिति निकुम अध्यक्ष भैय्या लाल साहू, रोशन देशमुख, पवन देवांगन, पंचराम धनकर, धनेश्वरी देशमुख सहित बड़ी संख्या में चावल लेने हितग्राही पहुंचे।

## सोसायटियों में किसानो को खाद्य बीज उपलब्धता के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिले के समस्त सोसायटियों में खाद्य, बीज की उचित उपलब्धता व भंडारण की व्यवस्था के लिए मंडी सचिव, ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ व समिति प्रबंधक को फ़ोन और पत्राचार के माध्यम से निर्देश प्रदान किया। कुछ दिनों से प्रदेश में बारिश का सीजन चालू हो गया है, मानसून दस्तक दे दी है किसान भाई बहन खेती किसानी के कार्य में लग गए है खेती किसानी के काम को देखते हुए आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले के सभी सोसायटियों में किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार मानक स्तर के खाद-बीज की सरलता से उपलब्धता सुनिश्चित कराने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। राज्य में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान साथियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डीएपी खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएपी खाद की मांग के अनुरूप सतत आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।



## तिरगा में स्वच्छता अभियान चलाकर किया पौधारोपण




**अंडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसिया राम देशमुख के नेतृत्व में और सर्जना युवा समिति, ग्राम के महिला मण्डल, युवा संगठन, स्व सहायता समूह, शालेय बच्चे, विद्यालय स्टॉफ के साथ मिलकर सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण भी किया गया। साथ ही पूर्व से रोपित पौधों की ट्री गार्ड से सुरक्षित कर पानी सिंचित किया गया। सरपंच ने बच्चों को वर्तमान पर्यावरण के प्रदूषण व पेड़ पौधों के महत्त्व से अवगत कराया। वहीं अधिक से अधिक पेड़ लगाकर संरक्षित करने का अपील किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य पी रामटेके, सर्जना समिति अध्यक्ष हेमंत ऋषि, रघुनाथ देशमुख, बीरेंद्र निषाद, डोमन देशमुख, अजय देशमुख, घनश्याम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### एसएमएस 3 ने दिया पर्यावरण का संदेश



**भिलाई।** पर्यावरण दिवस स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और आरएमपी-3 के कार्मिकों ने पौधारोपण किया। प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का लिया संकल्प लिया। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 टीम ने मेसर्स इनोमोटिक्स इंडिया के साथ यह कार्यक्रम किया। परिसर में एरिका पाम, विद्या, टगर चांदनी और मधुकामिनी के पौधे रोपित किये गए। महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोज़ ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का आह्वान किया। मेसर्स इनोमोटिक्स के टीम लीडर श्री कुबेर जेना ने पौधारोपण पर जोर दिया। जीएम डी एल कुमार, पी सतपथी, एसके मिश्रा, डी के वार्ष्णय आदि उपस्थित थे। आरएमपी 3 मे भी पौधारोपण किया गया। सीजीएम प्रभारी तापस दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य थे। नीम, करंज और बादाम के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी रतन मुखर्जी, महाप्रबंधक वीरेन्द्र वोगले, मनोरंजन संध, संजय नायक व दिगेन्द्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कौशल विकास के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू



**पाटन।** जय जोहार सेवा जोहार समाज सेवी संस्थान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत संस्थान है, जहां 2 जून से पाटन जिला दुर्ग छग में विद्यार्थियों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका शुभारंभ पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे, नगर पंचायत सभापति देवेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत सभापति केवल देवांगन, उप नेता प्रतिपक्ष दीपक यादव, पार्षद प्रतिनिधि सरजू साहू और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्ष पूजा पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर निर्मलकर व लक्ष्मी निर्मल द्वारा किया गया। इस केंद्र में बच्चों को निःशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा। जिसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया है।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सम्मान समारोह आयोजित

# जीवन को संवारने में संस्कार निभाता है महती भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सम्मान समारोह आयोजित कर 5वीं, 8वीं एवं 10वीं में विद्यालय स्तर पर टाप फाइव विद्यार्थियो एवं उनके माता-पिता का सम्मान भगवान राम की तैल चित्र भेंट कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेजस जामगांव आर प्राचार्य चेतना ठाकुर थीं। अध्यक्षता विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया व विशेष अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक डॉ. छगनलाल सोनवानी समाज कल्याण विभाग अधिकारी आरके ठाकुर मर्रा पूर्व सरपंच तुलाराम वर्मा एवं साहू समाज के तहसील उपाध्यक्ष डॉ.गुलाब सिंह साहू थे। विद्यालय की ओर से निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू ने मोमेंटो भेंट कर मुख्य अतिथि प्राचार्य चेतना ठाकुर का स्वागत किए। मुख्य अतिथि सेजस प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि जीवन को संवारने में संस्कार महती भूमिका निभाती है। शिक्षा और संस्कार जिस व्यक्ति के पास है वह व्यक्ति समाज का आदर्श बन जाता है, रोल मॉडल बन जाता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का काफी महत्व होता है जो बच्चे अनुशासन में चलते हैं, माता-पिता, गुरु की बातों पर ध्यान देते है उनका परिणाम उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत देते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में टॉप फाइव विद्यार्थी सम्मान पाने वाले बच्चों के माता-पिता उपस्थित होकर गौरवान्वित हो रहे हैं। प्रत्येक बच्चों को ऐसे ही राह चुनना चाहिए जिसमें माता-पिता, गुरु गौरवान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि जो बच्चे सम्मान पाने से इस साल चूक गए अगली बार अच्छी मेहनत करके अपनी माता-पिता को गौरव सम्मान अवश्य दिलाए। नर्वस नहीं होवे मेहनत करे।



### विद्यार्थियों और माता-पिता को किया सम्मानित

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने विद्यालय स्तर पर कक्षा 10वीं, 8वीं, 5वीं के टाप फाइव विद्यार्थियों जिसमें 10वीं में झील चंद्राकर 94.33 प्रतिशत, माधवी 90.5, विनय 87. 83, विभा 85. 6, साधना 80.5 प्रतिशत, 8वीं में तान्या साहू 91.83, उपासना साहू 86.5, तन्नू साहू 86, साहित्य पटेल 71.17, प्रभाकर 71 एवं 5वीं पूर्वी बंजारे 77 प्रतिशत, नूतन ठाकुर 74.5, दीपांशु साहू 73.5, खुशांत पटेल 71 और ख्याति निर्मलकर 70.5 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं माता-पिता को गौरवान्वित किए। इन विद्यार्थियों एवं इनके माता-पिता को भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सतवन बंजारे, खोजन बंजारे टेमरी, आशा ठाकुर, कुंती पटेल तवेरा, ओमिन गबदी, हेमलता साहू रनचिराई, वर्षा साहू भरर, ढालेश्वरी साहू, मनहरण पटेल आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### आत्मानंद बेल्हारी स्कूल का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**जामगांव आर।** केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा जिला दुर्ग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेल्हारी में कक्षा आठवीं एवं कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं में कुमारी मधु ने 96 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान ,तुषार कुमार रजक 90.67 प्रतिशत द्वितीय स्थान और भूमित सिन्हा 86 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा पांचवी में खुशबू देवांगन 92.02 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पूवएँ द्वितीय स्थान 91.5 प्रतिशत, लिजा 89.5 प्रतिशत तृतीय स्थान विद्यालय को गौरवांवित किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्राचार्य वाईके साहू ने समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दिया। कक्षा पांचवी में 50 विद्याथएँ एवं कक्षा आठवीं में 37 विद्यार्थियों में परीक्षा दी थी। सभी उत्तीर्ण हुए।

### कसही लो में पर्यावरण दिवस पर रोपे गए पौधे



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम पंचायत कसही लो में भारतमाता वाहिनी द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण किया। नीम,आम एवं जामुन का पौधारोपण किया। इस अवसर पर भारतमाता वाहिनी अध्यक्ष सुकवारो बाई, सचिव गणेश्वरी साहू, बिमला देवांगन, मनिता बाई,बेला बाई, मालती बाई अनुसुइया बाई, कुंती बाई, पुष्पा बाई, रेणुका बाई,दुलमत बाई आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य और रक्त दान शिविर 10 को

**गुण्डरदेही।** सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में 10 जून को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण एवं रक्त दान शिविर का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन सभापति गुलशन कुमार साहू के जन्मदिन के अवसर पर किया जा रहा है। उन्होने बताया शिविर मे रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर, एमजीएम आई हॉस्पिटल रायपुर, आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर जैसे मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और एक्स्पर्ट डॉक्टर की टीम उपस्थित रहेंगे। जिसमे रक्तदान, आंख जाँच, दाँत जाँच, न्यूरोलाजी एवं निःशुल्क दवाई वितरण का कार्यक्रम किया जाना है, गुलशन साहू ने क्षेत्रवासियो को उक्त कार्यक्रम मे शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

## निधन

### संपत लाल साहू

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत आगेसरा के पूर्व सरपंच संपत लाल साहू का निधन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



ओबीसी आरक्षण में लागू कर क्रीमीलेयर एवं 50 प्रतिशत कैंपिंग की शर्तों को समाप्त किया जाए

# आरक्षण की मांग पर ओबीसी महासभा ने बाइक रैली निकाली एवं प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- रक्षामंत्री, गृहमंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

ओबीसी महासभा द्वारा प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम सद्भावना बाइक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। बाईक रैली के पूर्व बालोद बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया, आमसभा के बाद बाइक रैली आमसभा स्थल से दल्ली राजहरा चौक से घड़ी चौक होकर सदर लाइन होते हुए मधु चौक से जय स्तंभ चौक पहुंचकर तहसीलदार बालोद को बाईस बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन मे मुख्य रूप से जातिगत राष्ट्रीय जनगणना शीघ्र कराए जाने, 32 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में अविलंब लागू किए जाने, ओबीसी समुदाय को आबादी के बराबर समानुपातिक संवैधानिक प्रतिनिधित्व कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया एवं सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के सभी उपक्रमों में दिए जाने, ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर एवं 50 प्रतिशत कैंपिंग की शर्तों को समाप्त किए जाने, मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाओं को पूर्णत लागू किए जाने, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को देश के सभी राज्य में समान रूप से लागू किए जाने के लिए भारत सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण को अध्यादेश पारित कर संविधान की नवमी अनुसूची में शामिल किए जाने, सभी तहसील मुख्यालयों में ओबीसी के लिए सर्व सुविधायुक्त पोस्ट मैट्रिक एवं प्री मैट्रिक छात्रवास खोले जाने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पूर्णतः लागू किए जाने, केंद्र एवं राज्य के शासकीय संस्थाओं में रिक्त पदों पर बैकलाग नियुक्ति किए जाने, राज्य छात्रवृत्ति ,प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में विसंगतियों को दूर करते हुए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों की भांति समान शर्तों एवं दरों पर ओबीसी को भी छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने, सभी शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय में कृषि संकाय संचालित किए जाने, ओबीसी प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरलीकृत किए जाने, ओबीसी की समुचित विकास एवं उत्थान के लिए प्रचलित आरक्षण के बराबर राज्य एवं केंद्र की बजट में प्रावधान किए जाने, ओबीसी समुदाय के लिए पृथक से मंत्रलय स्थापित किए जाने, ओबीसी सुरक्षा कानून बनाए जाने, प्रदेश के किसानों को समय में पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध कराने तथा 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किए जाने, राज्य प्रशासनिक सेवा के पदों पर साक्षात्कार की प्रक्रिया बंद किए जाने, शासकीय भूमि में 2005 से कब्जाधारी एवं निवासरत ओबीसी समाज के लोगों को वन भूमि पट्टा प्रदान किए जाने, प्रदेश के संविदा, अनियमित, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी एवं अधिकारियों को नियमित किए जाने, बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों को सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के मुताबिक विभाग में समायोजित किए जाने, शासकीय शालाओं में कार्यरत अंशकालीन स्वीपर को पूर्णकालिक किए जाने की मांग सम्मिलित है।



**कार्यक्रम में इन लोगों ने लिया भाग**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा, प्रदेश महासचिव यज्ञ देव पटेल प्रदेश सचिव भूपेंद्र साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा ओबीसी खिलेश्वरी, प्रदेश सचिव पुनेश्वर देवांगन, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भगवती सोनकर, जिला महासचिव महिला मोर्चा प्रतिमा यादव सहित बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के लोगों ने भाग लिया।

# नकली खाद ने बिगाड़ी खेतों की सेहत, किसानों की मेहनत पर फिरा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा।

दल्लीराजहरा शहर सहित जिले में एक बार फिर किसान ठगी का शिकार हो रहे हैं। नकली खाद के कारोबार ने किसानों की फसलों को तबाह कर दिया है। दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में कृषि केंद्रों की आड़ में खुलेआम यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। बाहरी तत्वों के साथ स्थानीय कुछ व्यापारी भी इस धंधे में लिप्त हैं, जो किसानों की मजबूरी और अनभिज्ञता का फायदा उठा रहे हैं। कई किसानों ने बताया कि उन्होंने मान्यता प्राप्त कृषि केंद्रों से खाद खरीदी, लेकिन इस्तेमाल के बाद उनकी फसल मुरझा गई, जमीन की उर्वरता भी प्रभावित हुई। जब जांच कराई गई, तो पता चला कि खाद नकली थी। इन खादों में पौष्टिक तत्वों की मात्रा नाम मात्र की थी और रासायनिक मिलावट ने खेतों की मिट्टी को भी नुकसान पहुंचाया। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री और बालोद जिला कलेक्टर को शिकायत भी की गई है पत्र के माध्यम से परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।

**जिम्मेदार अधिकारी मौन, कार्रवाई शून्य-** कृषि विभाग के अधिकारी इस गंभीर मसले पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। न कोई नहीं किसानों की लगातार शिकायतों के बाद भी अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसा लगता है। जैसे कृषि विभाग गहरी नींद में सो रहा है,जबकि किसान अपनी फसलें गंवाकर कर्ज में डूब रहे हैं। अगर अब भी जिम्मेदार विभाग और प्रशासन ने आंख नहीं खोली, तो नकली खाद का यह जाल और भी किसानों को अपनी चपेट में ले लेगा।

**क्या कहते हैं कृषि अधिकारी-** बालोद जिला मुख्यालय कृषि अधिकारी डीएस ध्रुव कहते हैं की कृषि केंद्र में लगातार छापामार कार्रवाई चल रही है ,शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाती है आगे भी कार्य की जाएगी।

# आर्य नगर में बीस साल से न सड़क और न ही नाली, सालों से सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला प्रशासन, नगर निगम भिलाई सहित कई नेताओं से शिकायत के बाद भी 20 साल से सड़क और नाली जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए आर्य नगर कोहका वार्ड 12 भिलाई के निवासी जूझ रहे है। ज्ञापन देते देते लोगों की चप्पले घिस गई लेकिन कोई हल नहीं निकला। अब आक्रोशित वार्डवासियों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी देते हुए नगर निगम से टैक्स वापस करने की मांग की है। जिससे वे स्वयं नाली का निर्माण कर सके। बहरहाल महिलाएं मोर्चा खोलते हुए सड़क की लड़ाई लड़ने मैदान में उतर चुकी है। आर्य नगर कोहका वार्ड 12 के निवासी नरकीय जीवन जीने को मजबूर। वार्ड का पार्षद गिरधर बंटी साहू है, जो नगर निगम भिलाई का सभापति भी है। महिलाओं ने बताया कि कई बार पार्षद से नाली निर्माण की मांग की गई है, लेकिन पार्षद का कहना है कि आर्य नगर से मुझे वोट नहीं मिला इस कारण यहां नाली नहीं बन सकता। महिलाओं का कहना है कि आयुक्त ने बताया कि वे लोग अवैध कालोनी में रह रहे हैं। इस वजह से इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस पर महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से प्रॉपर्टी टैक्स निगम वसूल रहा है।



**आयुक्त ने कहा लेंगे जायजा**

आयुक्त ने कहा कि वे मौके का जायजा लेंगे। घरों में उपयोग होने वाले पानी की निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नहीं है। नाली बजबरा रहा है। घरों में सांप, बिच्छु जैसे जहरीले कीड़े घुस रहे है। इससे भी जान का खतरा बना रहता है। इस दौरान रेखा बघेल, शीतल वर्मा, जानकी साहू, पूष्पलता जंघेल, विमला वर्मा, रेखा जंघेल, रूपा देवी, जानकी जंघेल, भारती जंघेल, महेश्वरी जंघेल, केशर वर्मा, रेखा देवी, विभा संह, सोनिया महतो, बसंत देवांगन, श्याम सुंदर वर्मा मौजूद थी।

# जवाहर मार्केट की पार्किंग हटाने के विरोध में व्यापारी संघ का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जवाहर मार्केट व्यापारी संघ भिलाई ने शनिवार को बीएसपी व नगर निगम द्वारा निशुल्क सार्वजनिक पार्किंग को हटाने के विरोध में प्रदर्शन किया । व्यापारी संघ का कहना है कि इस निर्णय व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। पार्किंक को यथावत नहीं रखे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश छाबड़ा और चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जारी बयान में कहा कि रोजगार कार्यालय के पास स्थित खाली भूमि पर नए निर्माण कार्य सेलम स्टील प्लांट के बर्तनों का आउटलेट खोलने बीएसपी की ओर से योजना बनाई जा रही है। यह वही स्थान है जिसे लंबे समय से व्यापारी और ग्राहकों द्वारा पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग किया जा रहा था। व्यापारियों का कहना है कि यदि इस स्थल पर निर्माण कार्य शुरू हुआ तो जवाहर मार्केट की एकमात्र निशुल्क पब्लिक पार्किंग समाप्त हो जाएगी, जिससे न सिर्फ व्यापार प्रभावित होगा बल्कि ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बीएसपी और नगर निगम 12 मई 2017 को हुई बैठक में पुराना रोजगार कार्यालय स्थित पार्किंग स्थल पर मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाई जाने के लिए अनापत्ति माँगा था,व्यापारी संघ ने बीएसपी प्रबंधक और जिला प्रशासन से मांग की है।




# भारतमाला से प्रभावित किसानों की दावा आपत्ति के जरिए होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

टेडेसरा से आरंग तक बन रहे भारतमाला परियोजना के अधिग्रहण में गडबडी सामने आने के बाद पिछले दो साल से भटक रहे किसानों को राहत मिलेगी। किसानों के हस्तक्षेप के बाद अब संभागायुक्त द्वारा नए सिरे दावा आपत्ति लिया जाएगा। इस मसले को लेकर आदेश छः जून को जारी कर दिया गया है। इस दिनांक से आगामी पन्द्रह दिन के अंदर आवेदन करने होगें। उल्लेखनीय है कि, भारतमाला परियोजना को लेकर दुर्ग जिले में सैकडों शिकायत सामने आई हैं। जिसमें सीधे तौर पर भू अर्जन अधिकारी पर गडबडी किए जाने के आरोप लगे है। जिसकी पीडा किसानों ने सडक पर उतरकर दिखाई भी है।, पिछले दिनों किसानों ने इस मामले को लेकर सडक पर आंदोलन भी किया था। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कई किसानों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। दुर्ग के देवादा से लेकर रायपुर के अभनपुर तक बनने वाले सिक्सलेन में राजस्व अधिकारियों द्वारा मुआवजा राशि जारी करने में जमकर बंदरबांट की गई हैं। एक ही तरह के जमीन का अलग अलग मूल्यांकन कर गडबडी की गई हैं। इस मामले की शिकायत लगातार किसानों ने की थी। इसके पहले भी पीडित किसानों द्वारा उमरपोटी गांव से होकर जा रहे सडक निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था। इससे पहले अरसनारा में भी आंदोलन कर चुके हैं। वही नवंबर माह में हिन्दी भवन के सामने प्रदर्शन कर चुके। उमरपोटी के किसानों ने मौके पर बैनर लगाकर कहा था कि, नियम के अनुसार मुआवजा नही दिया जाएगा तब तक यहां काम शुरू नही होगा।



## पेज 9 के शेष...

### श्रमिक के सिर पर...

गया। जहां उसका ईलाज के दौरान मौत हो गया। बताया जाता है कि मृतक की एक साल पूर्व ही शादी हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा मजदूर के काम के दौरान लापरवाही बरतते हुए कोई सुरक्षा सामान प्रदान नही किया गया था, मजदूर को काम के दौरान हेलमेट नही पहना था, जिससे उसकी मौत होने का मुख्य कारण बताया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण ऐसे ही कई मजदूर अपनी जान को जोखिम मे डालकर काम करने को मजबूर है। पीड़ित परिवार ने शव परीक्षण के बाद शव को यह कहते हुए ले जाने से इंकार किया कि पहले ठेकेदार आकर चर्चा करे। प्रशासन के समझाईश के बाद मामला शांत हुआ।

### बुजुर्ग कलाकार...

कि इसके संबंध मे मैने जनप्रतिनिधियो से मिलकर इस संबंध मे मांग की है लेकिन वर्तमान मे अभी इस संबंध मे कोई ठोस कदम नही उठाया गया है, उन्होने आशा व्यक्त की है कि उसकी अवस्था एवं परेशानियो को देखते हुए जनप्रतिनिधियो के साथ शासन प्रशासन उनकी बात सुनेंगे तथा उन्हे पदक के माध्यम से सम्मान देकर उनकी सहायता करेंगे।

### स्वच्छाग्रही दीदियां...

है । रविवार को ग्राम पंचायत रेंगनी में कामकाजी लोग अपने खेती किसानी से वापस लौटते समय चौपाल में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण करने सिंगल यूज प्लास्टिक पालीथीन का बहिष्कार करने का भरोसा दिलाया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा है कि लोग आसानी से इक्कठ्ठा नहीं होते हैं। जहां ज्यादा संख्या में लोग दिखते हैं वहीं चौपाल लगाकर स्वच्छता का सन्देश देकर व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य करने प्रेरित करते हैं। हतोत्साहित करने वाले बहुत से लोग होते हैं। बल्कि प्रोत्साहित करने वाले लोग कम होते हैं। गांव गांव में स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने वाली समूह की दीदियां ट्रायसिकल से घर घर कचरा संग्रहण कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कक्ष में ले जाकर वर्गीकरण करते हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व स्वच्छा ग्रही समूह मिलकर कबाड़ी वाले को बेचते हैं। गांव गांव में जन जागरूकता चौपाल का आयोजन होने से योजनाएं बनेंगी। ग्रामीणों का मार्गदर्शन मिलेगा तथा श्रमदान करने का आदत बनेगा। फील्ड में जाने से वास्तविक स्थिति का पता चलता है। जहां कमी रहता है उसे पूरा किया जा सकता है।

**जागरुकता का असर -** जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सीईओ पंकज देव ने कहा कि एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा व स्वच्छाग्रही समूह की दीदीयों का मेहनत रंग लाया है। गांव की अन्य महिला समूह भी इस अभियान से जुड़कर कार्य करने उत्सुक हैं। कार्यालय पहुंच कर अन्य महिला समूह कहती हैं कि जब भी वर्तमान में कार्यरत स्वच्छा ग्रही समूह कार्य को छोड़ती है तो हमारे समूह को प्रतीक्षा सूची में जरूर रखिए सर ऐसा शब्द को सुनकर जागरुकता अभियान का असर स्पष्ट झलक रहा है। लगातार जागरुकता अभियान के चलते गांव की तस्वीर बदलने लगी है। सीईओ ने कहा कि मैं जब ग्राम पंचायतों का दौरा करता हूं तो गांव का प्रवेश द्वार से लेकर गली मोहल्ले भी स्वच्छ व सुंदर दिखता है। जागरूकता अभियान का व्यापक असर दिख रहा है।स्वच्छा ग्रही समूह के कार्य सराहनीय है।

### बिना लाइसेंस गुटखा...

बात यह है कि पूर्व में दल्लीराजहरा के एक व्यापारी के खिलाफ अमानक आटा-बेसन की सप्लाई को लेकर नारायणपुर जिले में कड़ी कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभागों की नींद आज तक नहीं खुली है। यही व्यापारी आज भी खुलेआम अवैध रूप से उत्पाद बेच रहा है, मानो कानून की पकड़ से ऊपर हो।

सवाल यह है कि आखिर क्यों संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं? क्या यह महज़ लापरवाही है या फिर कुछ 'मौन समझौते'? इन कारखानों से निकलने वाला माल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, जिससे ग्रामीण आबादी के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है।

**प्रशासन को चेतावनी – अब भी वक्त है जागिए!-** यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो यह न केवल एक बड़ी जनस्वास्थ्य आपदा बन सकती है, बल्कि शासन की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी भी सवालों के घेरे में आ जाएगी।

### मौसम के बदलते...

कि आने वाले दिनों में भी ऐसा ही परिवर्तनशील मौसम बना रहेगा और मानसून की दस्तक थोड़ी देरी से हो सकती है।

**जनता की उम्मीद:**

अब लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही स्थायी मानसून सक्रिय हो और राहत की ठंडी फुहारें इस झुलसाती गर्मी से निजात दिलाएं।

मुख्य बिंदुः नौतपा में लगातार मौसम का असंतुलन सुबह झुलसाने वाली गर्मी, शाम को बारिश मानसून आने से पहले ही बढ़ी परेशानी जलवायु परिवर्तन की स्पष्ट झलक इस मौसम के मिजाज ने यह साफ कर दिया है कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है और हमें इससे निपटने के लिए जागरूक और सतर्क रहना होगा।

# रैप गीत बालोद की माटी को 14 को रिलीज किया जाएगा

**बालोद।** जिले के डौण्डी विकासखण्ड के प्रतिभाशाली रैपर्स ने बालोद जिले के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध पर्यटन स्थलों और जीवंत संस्कृति को संगीत के माध्यम से दुनिया के सामने पेश करने का अनूठा प्रयास किया है। इस पहल के तहत उन्होंने एक रैप गीत तैयार किया है, जिसका शीर्षक ''बालोद के माटी'' बालोद एंथम रखा गया है। यह रैप गीत 14 जून को यूट्यूब पर रिलीज होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों–शोरों से चल रही हैं। इस रैप गीत में बालोद जिले की पहचान को उकेरा गया है। गीत के माध्यम से डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न गांवों से आए रैपर्स ने जिले के ऐतिहासिक महत्व, प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहरों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया है। इस परियोजना में कई स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रैप गीत में सीजी बॉय रेमो (ग्राम डौंडी), राजा टेकाम (ग्राम नलकसा), मॉडल हनी (ग्राम चोरहापड़ाव), और सेज एमसी (ग्राम कोटागांव) ने अपनी कला का जौहर दिखाया है। इन रैपर्स ने अपने गीतों के जरिए बालोद की मिट्टी से जुड़ी कहानियों को संगीतबद्ध किया है, जो न केवल मनोरंजन करेगा, बल्कि जिले की पहचान को भी बढ़ाएगा। गीत की शूटिंग और वीडियो निर्माण की जिम्मेदारी जिले के ग्राम तरौद के युवाओ ने संभाली है, जिन्होंने अपनी तकनीकी दक्षता से इस प्रोजेक्ट को बेहतर रूप दिया है। वहीं, संगीत की बागडोर संभाली है रैप गीत को आधुनिक और आकर्षक धुनों से राहुल नायक ने सजाया है। इस पूरे प्रोजेक्ट का मार्गदर्शन सूरज कलियारे ने किया।






## खबर संक्षेप



### भटगांव में विश्व पर्यावरण दिवस किया पौधारोपण

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत भटगांव में विश्व पर्यावरण दिवस पर व एक पेड़ मां के नाम से पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया। सरपंच भारती साहू ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सरपंच भारती साहू, पंचगण सरिता, ख़ेमिन, पुष्पलता, घनश्याम साहू, लोकेश्वरी, अनुसईया, आशा एवं पंचायत सचिव भुपेश साहू, कम्प्यूटर ऑपरेटर मकसूदन चतुर्वेदी उपस्थित थे।

### व्याख्याता मन्ना लाल पर दी ससम्मान विदाई



**बालोद।** व्याख्याता पीएम श्री सेजेस डौण्डी मन्ना लाल साहू को सेवानिवृत्त पश्चात लोक रंजनी मानस समिति ग्राम खैरताई मंडली के सदस्यो द्वारा श्रीफल तथा शाल एवं श्रीराम दरबार के तैलचित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मन्ना लाल साहू लगभग 30 वर्षो से मंडली के टीकाकार के रूप मे मंडली से जुड़े हुए है। इस दौरान अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, गिरधारी कौशिक, भगवान सिंह साहू, रूपनारायण साहू, भीखू राम उर्वशा, नरेन्द्र साहू, मोहन साहू, कन्हैया साहू, धिरपाल साहू, रंजन यादव एवं लोकेन्द्र कौशिक उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग में नियमों की उपेक्षा से आक्रोश

**डोंडी।** जिला प्रशासन द्वारा आनन फानन में युक्तिकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसमें शान द्वारा आदेश किया गया है कि काउंसलिंग में पहले महिलाओं को प्राथमिकता दिया जाएगा तत्पश्चात पुरुषों की काउंसलिंग की जावेगी लेकिन इस आदेश की अवहेलना करते हुए सभी को वरिष्ठता के क्रम के आधार पर काउंसलिंग की जा रही है। वरिष्ठता में चाहे पुरुष हो चाहे महिलाएं सभी को एक साथ बुलाया जा रहा है जो की राज्य शासन के आदेशों की अवहेलना है शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध किया गया लेकिन उनकी कोई बात नहीं सुनी गई शिक्षकों के भारी विरोध के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा एक दिन पहले काउंसलिंग हेतु सूची बिना दवा आपत्ति के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों की सूची रविवार शाम को प्रसारित की जाती है और अगले दिन सोमवार को काउंसलिंग का आदेश निकला गया शिक्षक जो घर दूर छुट्टी में गए थे वह भागे भागे वापस आए सभी संगठनों के विरोध के बावजूद शिक्षकों का युक्ति वक्त युक्त कारण किया जा रहा है उक्त जानकारी अध्यक्ष राज कुमार साहू शालेय शिक्षक संघ द्वारा दिया गया।

### गुरूर कालेज में प्रवेश के लिए पार्टल प्रारंभ

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरु में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा न्यू प्रवेश हेतु पोर्टल प्रारंभ की है, जो 5 जून से प्रारंभ हो गया है। महाविद्यालय में संचालित विषय बी.ए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगा विषय मे परीक्षाथएँ प्रवेश हेतु अपना ऑनलाइन पूर्ण कर इसकी हार्ड कॉपी के साथ अपना संपूर्ण दस्तावेज संलग्न कर महाविद्यालय में जमा करेंगे, तत्पश्चात ही उनका प्रवेश महाविद्यालय में हो पाएगा। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय प्राचार्य व कार्यालय प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

### गल्ले से कैश पार

**भिलाई।** होटल का शटर तोड़कर गल्ले में रखा गया कैश लेकर अज्ञात फरार हो गया। छावनी पुलिस ने बताया कि मकान नं एलआईजी 1/3038 कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी निकेश पिन्यानी निरंकारी स्वीट्स दुकान का संचालक है।

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से अजय समेत राज्य के 155 शिक्षक सम्मानित

## दल्ली के अजय सिंह को प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियों ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एस.सी. ई.आर.टी. मे आयोजित हुआ. जिसमे पूरे छ्त्तीसगढ़ से 155 शिक्षक/शिक्षिकाओ का सम्मान हुआ।

इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जे.पी. रथ अपर संचालक एस.सी. ई.आर.टी., डाँ बी. रघु सहायक संचालक एस.सी. ई.आर.टी., बी. एल. दिवांगन डाईट प्राचार्य, डा एस के जैन डाईट रायपुर, के.के साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थिति रहे। इस भव्य कार्यक्रम में बालोद जिला से पाँच शिक्षकों को सम्मान मिला इसमें अजय सिंह डोंडी, अजय पाठक डौंडी लोहारा जितेंद्र कुमार साहू गुंडरदेही और संतोष डाहरे तथा बालोद से चोवा राम देवांगन को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया. साथ ही कार्यक्रम मे सतत सहयोग के लिए रामकुमार बरेठ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. राष्ट्रीय स्तर पर चयनित अन्य राज्यों के शिक्षकों को डाक पते पर पुरूस्कार सामग्री पोस्ट की जायेगी।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित बालोद जिला टीम से पवन कुम्भकार , प्रतिभा त्रिपाठी रिपुसूदन साकार, द्रोण सार्वा, साहिल सिंह, यशवंत चंद्राकर , व मुनमुन सिन्हा , आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ।



### अवार्ड के लिए शिक्षकों का चयन

कई चरणों में हुआ अवार्ड के लिए चयन समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 2024 में होना था पर स्थानीय चुनाव के चलते इसे आगे बढ़ाया गया था। इसमें कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम इसके लिए वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700+ से भी ज्यादा नॉमिनेशन प्राप्त हुए जिसको स्कूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं सबंधित से उनके कार्यो के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं. जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया।

## आतंक : उधारी वसूली के लिए करते है पास बुक जब्त और दिखाते हैं गुंडों का आतंक

# सूदखोरों का अंचल में आतंक, पर पुलिस कार्रवाई नहीं, हजारों लोगों फंसे चंगुल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

दल्लीराजहरा शहर में सूदखोरी एक बड़ी समस्या है, जहाँ एक विशेष समुदाय द्वारा यह कार्य खुलेआम किया जा रहा है. लाख कोशिशों के बाद भी, यह धंधा लगातार जारी है और कई लोग सूदखोरों के चंगुल में फंसकर आर्थिक रूप से बदहाल हो गए हैं. विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार के कई छोटे-बड़े मजदूर और सरकारी कर्मी भी इस समस्या से प्रभावित हैं.दल्लीराजहरा शहर में अवैध सूदखोरी का धंधा बेलगाम होता जा रहा है। आम जनता को आर्थिक तंगी का लाभ उठाकर मोटे ब्याज पर पैसे देने वाले सूदखोर अब खुलेआम गुंडागर्दी और धमकियों का सहारा ले रहे हैं। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि कई सूदखोरों ने निजी बाउंसर और गुंडे तक पाल लिए हैं जो उगाही के नाम पर घरों में घुसकर धमका रहे हैं, अपमानित कर रहे हैं और कई मामलों में मारपीट तक की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

सूदखोर एक विशेष समुदाय द्वारा खुलेआम कार्य करते हैं, जिससे उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं.

### पुलिस प्रशासन बना मूकदर्शक!




हालांकि आए दिन पीड़ित लोग थानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी सूदखोर के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस की निष्क्रियता और कार्रवाई की कमी से सूदखोरों के हौसले बुलंद हैं। शिकायत करने वालों को डराया जा रहा है और उन्हें चुप रहने की धमकी दी जाती है। एटीएम पासबुक आधार कार्ड पैन कार्ड सभी गिरवी में रखे हुए हैं आर्थिक शोषण की जंजीर में जकड़ा आम आदमी कई मजदूर, छोटे व्यापारी और महिलाएं सूदखोरों की गिरफ्त में हैं। 1000 लेकर महीनों 5000 चुकाने के बावजूद मूलधन बाकी बताया जाता है। ऐसे में अनेक परिवार मानसिक तनाव, सामाजिक अपमान और आर्थिक बोझ तले दब चुके हैं।

**आर्थिक बदहाली:** सूदखोरों के चंगुल में फंसने से कई लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है, जिसका असर पारिवारिक जिंदगी पर भी पड़ता है. पुलिस की

पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण सूदखोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में भी समस्या आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डौंडी ब्लाक में भी सूदखोरी की समस्या है, जहाँ एक भी ब्याज खोरों का पंजीयन नहीं है.

**पुलिस कार्रवाई:** पुलिस प्रशासन को सूदखोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि उनके हौसले टूटें और वे इस अवैध धंधे को बंद करें।

**सूदखोरी विरोधी जागरूकता:** लोगों को सूदखोरी के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि वे इस समस्या के चंगुल में फंसने से बचें.

**सूदखोरों का पंजीयन:** दल्लीराजहरा शहर सहित डौंडी ब्लाक में ब्याज खोरों का पंजीयन करना चाहिए ताकि उनके कार्यों पर नजर रखी जा सके। आर्थिक सहायता: सूदखोरों के चंगुल में फंसे लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें।

**अब तो छुटभैये भी सूदखोर बन गए हैं :** पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर अब मोहल्लों में छुटभैये युवक भी सूदखोरी में कूद चुके हैं। मोटरसाइकिल और बाउंसर के साथ घूमते इन सूदखोरों का स्थानीय लोगों में खौफ है। अब समय आ गया है कि जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक इस मुद्दे को गंभीरता से लें और कड़ी कार्रवाई करें।

**दल्लीराजहरा जनता की मांग:** दल्लीराजहरा शहर सहित जिले में अवैध सूदखोरी पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए बाउंसर और धमकी देने वाले गुर्गों को गिरफ्तार किया जाए पीड़ितों की पहचान गोपनीय रखते हुए उन्हें सुरक्षा दी जाए थाना प्रभारियों को जवाबदेह बनाया जाए यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जनता में आक्रोश बढ़ेगा और यह मामला बड़ा जनांदोलन बन सकता है। प्रशासन को अब जागना होगा।

## शाला प्रवेशोत्सव मनाने हुई बैठक में भवन को सुविधा संपन्न पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंगचुवा में नए शिक्षा सत्र में प्रवेश उत्सव मनाने की तैयारी को लेकर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें शाला की मूलभूत सुविधाओं पानी, बिजली , कीचन शेड , सायकल वितरण, शाला परिसर में सी सी रोड , दो पाली में शाला लग रही थी, उसे एक ही समय 10 से 4 बजे तक लगाने पर चर्चा की गई। पुराने भवन का निरीक्षण कर रंग रोगन, बिजली फिटिंग, दरवाजा, फाटक की व्यवस्था की गई है। प्रवेश उत्सव 16 जून को 10 बजे से मनाने का निर्णय लिया गया। न्योता भोज को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रोहित कुमार ढालेंद्र के द्वारा कराया जाने की सहमति दिया गया।

■ पानी, बिजली, कीचन शेड की मरम्मत और सायकिल वितरण पर की चर्चा

शहीद गैंदसिंग कालेज के अध्यक्ष एवं सरपंच पति पूनम चंद जैन ने किचन शेड, शाला परिसर में सी सी रोड, पुराने भवन में बोर खनन एवं अन्य कार्यों को करने का घोषणा किया गया । जिसे शाला परिवार की ओर से संस्था के प्राचार्य आई आर बागमरिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात सत्र 2024,25 की बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा विषय वार की गई अंग्रेजी माध्यम 5वीं, 8वीं एवं 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसके लिए सभी विषय टीचर्स को धन्यवाद दिया गया। इसी प्रकार से हिंदी माध्यम में 10वीं का परीक्षा परिणाम 91प्रतिशत रहा। सामाजिक अध्ययन में छात्र अधिक फेल हुए। हिन्दी माध्यम हायर सेकंडरी का संकाय वार समीक्षा की गई। बायो, गणित, एवं कॉमर्स का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। किंतु आर्ट का परीक्षा परिणाम 68 प्रतिशत रहा । राजनीति शास्त्र में 3 फेल एवं 7 छात्र पूरक रहे। अर्थशास्त्र में 3 छात्र फेल व भूगोल में एक छात्र फेल हुआ। हिन्दी में एक छात्र फेल हुआ। अंग्रेजी में शत प्रतिशत छात्र पास हुए,। शतप्रतिशत लाने वाले सभी टीचर्स स्टॉफ को धन्य वाद दिया गया एवं जिनका रिजल्ट कम आया है। ऐसे टीचर्स को अच्छा सा तैयारी के साथ नए शिक्षा सत्र में अध्यापन करने की सलाह दिया गया। तत्पश्चात टीचर स्टॉफ पर चर्चा किया गया। अंग्रेजी माध्यम में 5 पद स्वीकृत हैं लेकिन 1टीचर ही कार्यरत है। अंग्रेजी माध्यम मिडिल में 4 पद स्वीकृत है किंतु कार्यरत निरंक है अर्थात एक भी टीचर्स पदस्थ नहीं है।

# पाटेश्वर धाम में माता कौशल्या की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी : रामबालक दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम के संत श्री राम बालक दास ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 2026 में बालोद जिला के पाटेश्वर आश्रम में गोद में रामलला को लिए छत्तीसगढ़ की बेटी राजरानी मां कौशल्या की प्रतिमा स्थापित होगी तो संपूर्ण विश्व छत्तीसगढ़ में तीर्थ यात्रा करने के लिए आएगा और विश्व के प्रथम माँ कौशल्या धाम का दर्शन करके अपने भाग्य की सराहना करेगा। मंदिर की लागत एक करोड़ से भी अधिक है।

इस अवसर पर उज्जैन महाकाल के पुजारी संजय महाराज ने कहा कि विगत 25 वर्षों से हम श्री राम बालक दास जी को जानते हैं, जिन्होंने भागीरथी प्रयास करके जो विश्व के किसी संत ने नहीं सोचा वह सोचकर अपनी मातृभूमि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या के दिव्य 25 करोड़ की लागत से मंदिर के निर्माण का संकल्प किया, हम बाबा महाकाल के आशीर्वाद की कामना करते हैं कि 2026 में संत श्री के संकल्प को पूर्ण करने में वह सहायक बने, साथ ही उज्जैन महाकालेश्वर पीठ की तरफ से संस्थान के प्रतिनिधि गण माँ कौशल्या धाम की स्थापना में आने का आश्वासन भी दिए।



### साय सरकार ने जनता की भावना का पोषण किया

इस अवसर पर एक सवाल के जवाब में संत श्री ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में ही छत्तीसगढ़ में लोगों की भावनाओं को समझा, जब मां कौशल्या धाम के निर्माण में शासन प्रशासन के सहयोग की बात पूछी गई तब संत श्री ने उदासी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह अयोध्या में राम जन्मभूमि के निर्माण हेतु वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समर्पण भाव दिखाया। इस प्रकार छत्तीसगढ़ में नहीं है, यह दुख का विषय है जबकि संपूर्ण शासन प्रशासन को मां कौशल्या धाम तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए समस्त कार्यों में जुट जाना चाहिए, कुछ घोषणाएं मुख्यमंत्री जी के द्वारा की गई जो 10 महीने के बाद भी अभी तक स्वीकृत नहीं की गई है, जिला प्रशासन में बहुत से काम आए और कौशल्या धाम में वह कार्य कुछ पूर्ण किए गए है, कुछ अपूर्ण है, लेकिन प्रशासन के असहयोग के कारण दिक्कत हो रही है, उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, उड़ीसा अन्य प्रदेशों के लोग मां कौशल्या धाम के लिए अपनी शुभेच्छा और उत्साह व्यक्त कर रहे हैं, ऐसा ही उत्साह छत्तीसगढ़ प्रदेश वासीयो में और साथ ही शासन प्रशासन में भी होना चाहिए तभी 2026 के इस भव्य मां कौशल्या स्थापना समारोह को हम सुविधापूर्वक कर सकेंगे।

# सरकारी चावल खुले बाजार में बिक रहा 35 रुपये किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

गरीबों के मुंह का निवाला अब मुनाफाखोरों की कमाई का साधन बन चुका है। दल्लीराजहरा शहर के सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दो प्रमुख उचित मूल्य दुकानों में शासकीय राशन हितग्राहियों को समय पर नहीं मिल रहा। वही शासकीय चावल खुले बाजारों में ऊंचे दामों पर धड़ल्ले से बिक रहा है। मामले की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि जिन परिवारों को प्रति माह निर्धारित मात्रा में चावल मिलना चाहिए।उन्हे समय पर चावल नही मिल पा रहा है। दूसरी ओर, खुले बाजार में वही शासकीय चावल 30-35 प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। यह अवैध धंधा बेखौफ जारी है, दल्लीराजहरा में दो पहिया वाहन में नियमित ले जाते देखा जा सकता है । शासकीय चावल का बहुत बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। शासकीय चावल घोटाला अपने आप में एक बड़ा घोटाला है।इस घोटाले में शहर के सफेद पोश लोग शामिल हैं। विभागीय चुप्पी ने इन अनियमितताओं को और बल दे दिया है। स्थानीय और जिला प्रशासन मौन, दलाल सक्रिय है। दल्लीराजहरा शहर के स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह खेल सिर्फ दुकानदारों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कई स्तरों पर मिलीभगत है। यह अमानवीय और शर्मनाक है कई ग्रामीण और शहरी कार्डधारियों ने शिकायत की है कि बीते कई महीनों से उन्हें तय समय पर राशन नहीं मिल रहा।

### क्या कहते हैं खाद्य जिले के अधिकारी

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर कहते हैं की दल्लीराजहरा शहर में शासकीय चावल खुले बाजार में बिकने की शिकायत पूर्व में आई थी। जिस पर कड़ी कार्रवाई पूर्व में किया गया था। परंतु अभी शिकायत आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। शीघ्र ही टीम भेजकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की जांच कराई जाएगी।

## बबा दाई दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां बांटीं



**बालोद।** बबा दाई दिवस, आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम देवारभाट में मनाया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता अहिल्या साहू द्वारा ग्राम के बबा दाई को आमंत्रित कर डॉक्टर के द्वारा सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख लता कोराम एवं रेड क्रॉस की सक्रिय कार्यकर्ता कमला वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम मे ग्राम के रीतकुंवर, दयावती, सजंतरी, ग्वालिनबाई, कमला बाई, पुनिया सुमरित रमहोतिन, तीजन संतरी, पेमिन रामायण बाई, इंद्रावतीन, अनसूइया, यमुना, धुलसिंग, राम एवं देवधर जी उपस्थित रहे। डॉक्टर खामेशवर साहू द्वारा सभी बबा दाई को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई सहयोगी के रूप में भूपेंद्र कुमार दरसेना उपस्थित रहे। जिला रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन कमला वर्मा द्वारा सभी बबा दाई को साड़ी एवं शर्ट पीस देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पेड़-पौधों की सुरक्षा स्वयं के लिए स्वस्थ वातारवण बनाना है

# आत्मानंद विद्यालय कुसुमकसा में मनाया गया पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी /अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा में इको क्लब के नेतृत्व तथा प्राचार्य श्रीमती सुनीता यादव के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य सुनीता यादव ने कहा कि पर्यावरण है तो हम हैं और अगर पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तो हम भी चैन की सांस नहीं ले पाएंगे। इसलिए मानव जाति के अस्तित्व के लिए पर्यावरण के महत्व को समझ कर हमें जागरूक होना ही पड़ेगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रधान पाठक श्री भुवन सिन्हा ने कहा कि प्रकृति पर नियंत्रण और जीवन शक्ति को बनाए रखने के लिए वृक्ष ल गा ना आवश्यक हो गया है। इसकी महत्ता को हम नकार नहीं सकते। वृक्ष जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारे लिए उपयोगी है। वृक्ष हमारे जीवन के लिए प्राणवायु है ।




इको क्लब प्रभारी व्याख्याता तामसिंग पारकर ने बताया कि पर्यावरण दिवस 2025 की थीम वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। प्लास्टिक प्रदूषण मानव जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर सामने आया है । इसका कारण मानव गतिविधिया ही है । सिंगल यूस प्लास्टिक आइटम सस्ती होती है जिसके कारण दैनिक जीवन में इसका अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा हैं। इसके जलने से निकलने वाली जहरीले रसायन वायु को दूषित करती है और मिट्टी को बंजारा बनाती है । जानवर मर रहे हैं और मानव कैंसर,नपुंसकता, कम वजन, विकास जैसे समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर इस प्रदूषण को कम करने के कई उपाय बताएं जिसमें विभिन्न तरह के इमोजी के द्वारा लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। व्याख्याता श्रीमती सावित्री स्वर्णकार ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए एक सामूहिक का प्रयास की आवश्यकता है । प्लास्टिक के बजाय धातु के बर्तन में भोजन करें। बोतल बंद पानी का उपयोग न करें। व्याख्याता श्रीमती देहूति कोठारी ने कहा कि धरती मां की रक्षा के लिए हमें हाथ मिलाना पड़ेगा। हम उस प्रकृति का पोषण करें जो हमारा पोषण करती है।इस अवसर पर पर्यावरण प्रदूषण पर पेंटिंग तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इको क्लब द्वारा रैली निकालकर लोगों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता संदीप कुमार नायक आमोद त्रिपाठी ,मोहम्मद नदीम खान, पूजा राट्रे तथा समस्त इको क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

